## सार-समाचार

### वाटर कूलर का लोकार्पण

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक पर माहेश्वरी सभा ट्रस्ट व सत्यनारायण जी पेड़ीवाल व जय झंवर के सौजन्य से गत सोमवार की शाम को ट्रस्ट द्वारा दो वाटर कूलर का लोकार्पण रतनगढ़ स्टेशन अधीक्षक बाबूलाल मीणा, चूरू जिलाध्यक्ष नरेश पेड़ीवाल व उतरी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष एडवोकेट रजनीकांत सोनी ने भगवान महेश की पूजा अर्चना कर फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि सभी प्रवासी बंधु अपनी मातृभूमि के प्रति सेवा कार्यों में समर्पित है। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री नरेन्द्र झंवर ने बताया की तीन वाटर कूलर पहले से प्लेटफॉर्म नम्बर दो पर रेल यात्रियों की सेवा के लिए लगाए जा चुके हैं। इन वाटर कुलरो से भीषण गर्मी में परेशान हो रहे रेल यात्रियों को शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी । इस प्लेटफार्म पर रेल यात्रियों की संख्या काफी रहती है व भविष्य में जब भी रेलवे स्टेशन पर किसी भी प्लेटफार्म पर वाटर कूलर की आवश्यकता होगी रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट रेल यात्रियों की सुविधा के लिये वाटर कूलर लगाएगा। लोकार्पण अवसर पर माहेश्वरी समाज के तहसील अध्यक्ष राकेश जाजू, मंत्री रामावतार चांडक, रामकिशन चांडक, अर्चित झंवर, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू लढ़ा, एडवोकेट पूर्णिमा लढ़ा, भावना जाजू, एडवोकेट कमल सोनी, महावीर रामगढ़िया, नन्दकिशोर माटोलिया, मुरली धर मंडगरा, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अनिरुद्ध दायमा, डॉ. हुनताराम मीणा, सुरेश मुरारका, एडवोकेट सुरेंद्र जयसवाल व काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पशुओं के लिए चारे का समाधान हुआ

**सीकर,** (निसं)। पिपराली ग्राम पंचायत के सिंहासन गांव की पिरोवाली जोहड़ी, जो कभी हरे चारे की कमी से जूझ रही थी, आज हरियाली की मिसाल बन चुकी है। आवारा पशुओं और गौशाला के लिए चारे का संकट स्थानीय लोगों की चिंता का सबब था, लेकिन ग्राम पंचायत की एक ठोस पहल ने इस बंजर भूमि को हरा-भरा कर दिया। महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत 2024-25 में 10,000 पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया। गड्ढों की खुदाई से शुरू हुआ यह सफर जनभागीदारी का प्रेरक उदाहरण बन गया। श्री रामदास गौशाला समिति और पंजाब नेशनल बैंक ने भामाशाह की भूमिका निभाई, जिसमें बैंक ने आर्थिक और भौतिक सहयोग से सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। अब तक श्री रामदास गौशाला समिति व ग्रामीण जन सहयोग के द्वारा 6500 पौधे रोपे जा चुके हैं, जिनमें से 5500 जीवित और हरे-भरे हैं। नलकूप और ड्रिप सिंचाई की सुविधा ने पौधों को जीवन दिया, तो तारबंदी ने उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की। यह न केवल पशुओं के लिए चारे का स्थायी समाधान है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।

### संगोष्ठी का आयोजन

**पाटन** (निसं)। कस्बे में स्थित श्रीमती जमुना देवी पांडेय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थानीय संघ द्वारा चलाए जा रहे अभिरुचि हस्तकला शिविर के अंतर्गत आज 'नशीले पदार्थों के दुरुपयोग' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शिविर संचालिका श्रीमती निर्मला देवी ने की। श्रीमती निर्मला देवी ने अपने संबोधन में नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज व परिवार पर भी इसके गंभीर प्रभाव पड़ते हैं। उन्होंने सभी शिविर प्रतिभागियों को जीवन में नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया। शिव कुमार (पी.टी.आई.) ने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि आज के समय में नशीले पदार्थों का प्रचलन बढ़ रहा है, जिससे युवा पीढ़ी सबसे अधिक प्रभावित हो रही है। उन्होंने सभी को सजग और सतर्क रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में सहायक शिविर संचालक नरेश कुमार (व्याख्याता), संदीप नेहरा, मनीष कुमार योगी, दीपिका एवं अनुष्का भी उपस्थित रहे। संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें सही दिशा में प्रेरित करना था।

### अभियान के तहत कार्यक्रम आज

**सीकर,** (निसं)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत 18 जून 2025 बुधवार को जिले में जल संग्रहण एवं जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने बताया कि हरियालो राजस्थान के लिए पूर्व तैयारी जैसे गड्ढे खोदना, विभागीय योजना में निर्मित 575 जल संग्रहण संरचनाओं का अवलोकन, तुलसी के पौधों का वितरण, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.1 के अन्तर्गत कार्यों का अवलोकन, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के कार्यों को स्वीकृत करना एवं प्रारंभ करना, 60000 है. में तैयार लगभग 1200 स्थलों का विमोचन, महानरेगा अर्तगत कार्यों को प्रारम्भ, लवकुश पाटिका पर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

### योग विषयक प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

**सीकर,** (निसं)। आयुर्वेद विभाग उपनिदेशक डॉ. राजेश कुमार जोशी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में 17 जून 2025 मंगलवार को सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय (सूचना केन्द्र) कलेक्ट्रेट परिसर में योग एवं आयुर्वेद पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा द्वारा दोपहर 12.15 बजे किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी आमजन के लिए आगामी 20 जून तक प्रातः 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक निःशुल्क अवलोकनार्थ खुली रहेगी। प्रदर्शनी में विभिन्न योगासनों की जानकारी, योग का वैज्ञानिक महत्व, रोगों में योग की उपयोगिता और प्राचीन योग ग्रंथों के चित्र व जानकारी प्रदर्शित की जायेगी।

### 'एक पेड़ मां के नाम' को लेकर बैठक

**तारानगर** (निसं)। तारानगर नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिंह के निर्देशन में कस्बे के वार्ड संख्या 03 में शीतला चौक के पास एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सहायता समूह कि महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न घटकों पर जागरूक किया गया व प्लास्टिक केरीबेग के स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करने का आव्हान किया गया बैठक के दौरान नितेश उपाध्याय, गोपाल, अर्जुन सिंह राजपुरोहित, अभिमन्यु सिंह सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाये उपस्थित रही।

### विविध जागरूकता कार्यक्रम आज

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष 26 जून को "अन्तर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस" के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर को प्रभावी रूप से मनाने और आमजन में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 18 जून 2025 को जिले के सभी शैक्षिणक संस्थानों एवं कोचिंग संस्थाओं में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में नशामुक्ति विषयक सेमिनार, पोस्टर प्रतियोगिता, नशा विरोधी संदेश आधारित लघु चलचित्र, विचार-गोष्टियाँ, निबंध प्रतियोगिता तथा विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने दो कार्यक्रमों के संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त किए

**सीकर,** (निसं)। भाजपा में दो कार्यक्रमों के लिए जिला संयोजक व सहसंयोजक की नियुक्ति की गई है। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए पवन जोशी को संयोजक एवं आशीष कुल्हरी, दिनेश दादिया व उमा सैनी को सहसंयोजक नियुक्त किया है। वहीं जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने आपातकाल काला दिवस के रूप में 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम के लिए प्रभुसिंह सेवद को संयोजक एवं विश्वनाथ सैनी, विकास ओला व कंचन अग्रवाल को सहसंयोजक नियुक्त किया है।

### शिक्षा मंत्री आज लक्ष्मणगढ़ आएंगे

**सीकर,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग मंत्री मदन दिलावर 18 जून (बुधवार) को लक्ष्मणगढ़ आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रतन कुमार ने बताया कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर 18 जून को जयपुर से प्रातः 7 बजे प्रस्थान कर प्रातः 9.30 बजे लक्ष्मणगढ़ पहुंचेंगे तथा लक्ष्मणगढ़ में प्रातः10 बजे वंदे गंगाजल संरक्षण जन अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर लक्ष्मणगढ़ से दोपहर एक बजे नागौर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

# राजलदेसर में विकास के कार्य में कोई कमी नहीं आने दूंगा : विधायक पूसाराम गोदारा

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर नगर पालिका की अति आवश्यक बैठक पालिका अध्यक्ष गंगा देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा, नगर पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश घिंटाला, की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

बैठक से पूर्व कांग्रेस के पार्षद दानाराम मेघवाल की आकस्मिक निधन होने पर व अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रेश हादसे में मृतकों की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में तीन एजेंडा प्रमुखता से सदन में रखे गए। जिसमें रेलवे द्वारा बाउंड्री बनाई जा रही है जिससे दोनों साइड में बस्ती मैं लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए रेलवे के द्वारा प्रोसेसर के अनुसार अगर आने जाने के लिए रास्ता छोडा जाता है तो इसके लिए नगर पालिका की ओर से जो भी धनराशि व्यय करनी होगी वह नगर पालिका द्वारा की जाएगी।

क्योंकि दोनों तरफ दीवार होने के बाद आने-जाने वाले वार्ड के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा इसके अलावा अंतिम यात्रा, मंदिर, विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

इसी को ध्यान में देखते हुए नगर पालिका में अति आवश्यक मीटिंग बुलाई गई । दूसरा एजेंडा नगर पालिका में ऑटो टिपर ठेका पद्धित पर देने को लेकर जैसे ही सदन में प्रस्ताव रखा मात्र दो चार भाजपा के पार्षदों ने छोड़कर सभी ने इसका विरोध किया कहा कि नगर पालिका में लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं इससे और



राजलदेसर नगर पालिका की अति आवश्यक बैठक आयोजित हुई।

अधिक भ्रष्टाचार होगा। इसको लेकर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने कहा पुराने ऑटो टिपर को ठीक करवा कर सुचारू रूप से कार्य शुरू किया जाए। इसके अलावा रेलवे अंडर पास पानी निकासी को लेकर नगर पालिका को 14 लाख रुपए राशि का डिमांड राशि का एस्टीमेट भेजा हुआ है लेकिन डिमांड राशि अभी तक जमा नहीं हुई है इसके लिए विधायक गोदारा ने कहा 15 दिवस के अंदर डिमांड राशि जमा करवा कर अति शीघ्र कार्य शुरू किया जाए।

इसके अलावा नगर पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश ने 2015 से लेकर 2025 तक नगर पालिका में भ्रष्टाचार को लेकर खुला आरोप लगाया एवं इसकी जांच करने की मांग की । साथ ही कांग्रेस पार्षद ताराचंद वाल्मीकि ने लिखित में भ्रष्टाचार को लेकर आरोप लगाए एवं इस एजेंडा को प्रोसेडिंग मैं लेने की बात कही जिस पर सर्व समिति से पारित किया गया एवं विधायक ने कहा इसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा इसके लिए मैं जिला कलेक्टर डीएलबी के अधिकारी एवं भाजपा एवं कांग्रेस के दोनों नेताओं की एक कमेटी का गठन करके निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी।

पालिका नेता प्रतिपक्ष दीनदयाल स्वामी ने वार्ड नंबर 10 में गंदे पानी की निकासी नाला नहीं होने के कारण सड़क निर्माण नहीं होने के कारण अपनी बुलंद आवाज से अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया जिस पर विधायक ने कहा इसको प्रोसेडिंग में लिखा जाए एवं अति शीघ्र उनकी मांग जायज है। तुरंत कार्य किया जाए नगर पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश ने पंप हाउस के पास इंटरलॉक सड़क एवं दीवार बनाने की मांग की जिसको प्रोसेडिंग रजिस्टर में शामिल किया गया।

इसके अलावा भाजपा पार्षद कपिल पारीक ने अंजनी माता मंदिर के पास बड़ा पंप हाउस लगाने की मांग की पार्षद जयचंद महावर ने नगर पालिका में वार्डों में हुए भ्रष्टाचार को लेकर आवाज उठाई पार्षद जीवणाराम प्रजापत ने अपने वार्ड में 1 रुपयों का ही विकास कार्य नहीं होने पर नगर पालिका पर खुलकर आरोप लगाए कांग्रेस पार्षद जब्बार खोखर ने नगर पालिका में 4 करोड़ 98 लाख रुपए के हुए भ्रष्टाचार को लेकर आवाज उठाई एवं निष्पक्ष जांच करने की मांग कहीं साथ ही मानसून से पूर्व कस्बे में निकासी व्यवस्था के लिएअतिरिक्त पंप सेट खरीदने की बात कही।

जिस पर विधायक ने कहा अति शीघ्र नगर पालिका की ओर से राजा कोठी गैनाणी के पास बड़ा पंप सेट खरीद कर लगाया जाए ताकि मानसून में किसी तरह की कस्बे वासियों को परेशानी ना हो साथ ही उन्होंने कहा अगर बारिश के समय में किसी तरह की लापरवाही की तो नगर पालिका के आगे धरने पर बैठूंगा मैं स्वयं विधायक गोदारा ने कहा विकास के कार्य में किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा एवं निष्पक्ष सभी वार्डों में विकास कार्य होने चाहिए इसके लिए रोस्टर के अनुसार कार्य करें । इस अवसर पर पार्षद पवन प्रजापत ने रेलवे फाटक के पास बनाई गई नाली को लेकर विरोध दर्ज किया जिस पर नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता एवं पार्षद के बीच नोक झोंक हुई जिसको लेकर दोनों ने कहा यह राजनीतिक मुद्दा है इसी प्रकार पार्षद धनपत शर्मा, रामी देवी आदि ने भी अपने वार्ड की समस्या रखी।

इस अवसर पर नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता भरत गौड़, हुकम सिंह, अर्जुन सिंह पार्षद नबी बक्स, हेमलता मारू आदि उपस्थित थे। मीटिंग के बाद विधायक मिले वार्ड के लोगों से नगर पालिका की मीटिंग संपन्न होने के बाद विधायक पूसाराम गोदारा नगर पालिका परिसर में रेलवे द्वारा बनाए जा रही दीवार को लेकर वार्ड के लोगों के विरोध को लेकर उनसे मिले एवं कहा मेरे से जो भी कार्य होगा हमेशा तैयार रहूंगा।

इसके लिए रेलवे के उच्च अधिकारी रेल मंत्री एवं मुख्यमंत्री तक आपकी आवाज पहुंचाए जाएगी। इस अवसर पर वार्ड के प्रमुख भुवनेश्वर शर्मा, देवकिशन सुथार, सीताराम मारू, भवानी मंत्री, शिवरतन शिवरतन, ठेकेदार बेगाराम जाट, संतोष सुथार, श्याम सुंदर सुथार आदि वार्ड के दर्जनों व्यक्ति उपस्थित थे।

## दोरासर गांव में ट्यूबवैल का कार्य शुरू हुआ

**झुंझुनं,** (निसं)। भजनलाल सरकार द्वारा झुंझुनूं को लेकर की गई घोषणाएं अब धरातल पर उतरने लगी है। इसी क्रम में विधायक राजेंद्र भांबू की अनुशंषा पर दोरासर गांव में स्वीकृत किए गए ट्ययूबवैल का निर्माण कार्य पूजा अर्चना के साथ शुरू करवाया गया।

■ **ट्यूबवैल स्वीकृत करवाने पर ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया**

गांव के पूर्व सरपंच अर्जुन सिंह ने पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। इसके बाद इस 17 लाख रूपए की लागत से बनने वाले ट्ययूबवैल का निर्माण कार्य शुरू किया गया। दरअसल गांव के इसी चौक में छह-सात दशक पुराना कुआं था। जो अब सूख गया था। इसके बाद विधायक राजेंद्र भांबू से इस बारे में चर्चा की गई। भांबू ने खुद गांव आकर मौका देखा। उन्होंने उसी वक्त अधिकारियों को ट्ययूबवैल का काम शुरू करवाने के लिए निर्देश दिए और हफ्ते भर में ही काम शुरू हो गया है। जिस पर ग्रामीणों ने भांबू का और भजनलाल सरकार का आभार जताया है। इस मौके पर पूर्व सरपंच अर्जुन सिंह ने बताया कि दोरासर गांव को दो-तीन बडी सौगातें और देने का आश्वासन विधायक भांबू द्वारा दिया गया है। जिससे ग्रामीण उत्साहित है। वहीं खेल यूनिवर्सिटी को लेकर भी भांबू द्वारा लगातार विधानसभा में आवाज उठाई जा रही है। उन्होंने बताया कि भांबू के प्रयासों से शौर्य उद्यान के भी अधूरे कार्य तथा आधुनिक कार्य की डीपीआर तैयार की जा रही है। जिसके बाद शौर्य उद्यान भी नए लुक और आधुनिकता के साथ बनेगा। जो गांव को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए मददगार साबित होगा।

## रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**कोलसिया,** (निसं)। एचएमटी ग्रुप कोलसिया के तत्वावधान में गांव कोलसिया के श्री सीताराम शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में बुधवार से शेखावाटी प्रीमियर लीग कोलसिया-2025 (एसपीएल-6) रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन शाम सात बजे श्री सीमेंट प्लांट गोठडा हैड हुकुमचंद गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में होगा। प्रतियोगिता आयोजक भामाशाह हेमंत दूत ने बताया कि क्षेत्र की सबसे बड़ी इस क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रत्येग लीग मैच 10 ओवर का होंगे।

## पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सहित दो को पकड़ा

■ **सांतडिया में शराब ठेकेदार से रंगदारी मांगने को लेकर गाड़ी तोड़ने का मामला**

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के सांतडिया गांव मे शराब ठेकेदार से रंगदारी मांगने व गाडी फोडने के मामले मे देर शाम को पुलिस ने दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

थानाधिकारी रामसिंह यादव ने बताया कि 2 मई को भैसावता कलां निवासी प्रदीप सिंह पुत्र करण सिंह ने रिर्पोट दी कि उसे आबकारी विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2025 को खानपुर मे ठेका आवंटित हुआ था जिसको 1 मई को सातड़िया की लोकेशन लेकर सातड़िया मे शुरू किया था। इस दौरान ठेके पर रवि निवासी मोई ओर सोनू सोमरा निवासी मोई ठेके पर आए। उन्होंने धमकी दी की अगर ठेका चलाना हैं तो मंथली देनी होगी। इसके बाद रात को कुछ लोग आए, जिन्होंने मुंह पर मास्क लगा रखा था, ओर आते ही ठेके के सामने खडी गाडी अल्टो को तोड़ फोड़ करने लग गए ओर धमकी देने लगे की अगर मंथली नही दी तो दुकान नही चलने देंगे।

कार्यवाहक एसपी देवेन्द्र सिंह राजावत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर बदमाशों के सम्भावित ठिकानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने आरोपी मोई भारू निवासी रविन्द्र उर्फ सोनु पुत्र सुबेसिंह व खानपुर निवासी विकास उर्फ धोलिया पुत्र दयाचन्द को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विकास उर्फ धोलिया थाने का हिस्ट्रीशीटर है। गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी रामसिंह यादव, एचसी सुभाष लांबा, सुरेंद्र नारवाल, कांस्टेबल सुशील कुमार, निहाल सिंह, सुनील कुमार आदि शामिल थे।

## आधार केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया

**सीकर** (निसं)। संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग सीकर सत्यनारायण चौहान के नेतृत्व में मंगलवार को टीम द्वारा दांतारामगढ क्षेत्र के आधार केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत मेई, दांतारामगढ का आधार ऑपरेटर राजू बाज्या आधार केन्द्र पर ग्राहकों से ओवरचार्जिंग करता पाया गया। मौके पर टीम द्वारा ग्राहकों से दूरभाष पर संपर्क कर नये आधार कार्ड बनवाने व आधार में संशोधन करवाने पर ऑपरेटर द्वारा वसूले गये शुल्क की जानकारी ली गई व मौके पर एक ग्राहक जगदीश प्रसाद खींची को बुलाया गया।

ग्राहक से ऑपरेटर द्वारा नया आधार कार्ड बनाने के एवज में 1000 रूपये शुल्क वसूला गया। ग्राहक से यह राशि लेना ऑपरेटर द्वारा भी स्वीकार किया गया। अन्य ग्राहकों से भी बात करने पर ऑपरेटर द्वारा यूआईडीआई द्वारा निर्धारित दरों से अधिक राशि लेना पाया गया। आधार केन्द्र पर ओवरचार्जिंग करने व अन्य अनियमितताएं पाये जाने पर टीम द्वारा मौके पर आधार केन्द्र से लैपटॉप, बायोमेट्रिक डिवाईस, आईरिश डिवाईस व कैमरा जब्त किया गया। ग्राहकों को यूआईडीआई के नियमानुसार व सरकारी दरों पर आधार सेवायें प्रदान करने के उद्देश्य से जिला कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, सीकर की टीम द्वारा समय सगय पर आधार केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जाता है तथा नियमों की अवहेलना करने वाले आधार केन्द्रों को नियमानुसार यूआईडीआई से ब्लैकलिस्ट करवाया जाता है। समस्त केन्द्रों पर आमजन के लिए नया आधार नामांकन निशुल्क व जनसांख्यिकी सूचना अद्यतन के 50 रूपये व बायोमैट्रिक डाटा अद्यतन के 100 रूपये निर्धारित है। ऑपरेटर द्वारा नामांकन व अद्यतन करने की रसीद भी आमजन को दी जाती है, आमजन को नामांकन व अद्यतन की रसीद ऑपरेटर से अवश्य प्राप्त करनी चाहिए। यदि कोई ऑपरेटर निर्धारित दरों से अधिक राशि वसूलता है तो आमजन इसकी शिकायत सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के जिला एवं ब्लॉक कार्यालय में दर्ज करवा सकता है साथ ही यूआईडीआई के टोल फ्री नम्बर 1947 पर भी दर्ज करवा सकता है।

## 'अधिकारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक में स्वयं उपस्थित रहना सुनिश्चित करें'

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं, कार्यक्रमों और लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे कार्यों की गति बढ़ाएं, योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें तथा जनसुनवाई से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री जनसुनवाई से संबंधित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में श्रमदान गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए, गड्ढे खोदकर पौधारोपण किया जाए एवं विभागों को निर्देशित किया कि 5 दिन शेष हैं, इस अवधि में अभियान को 'हल्ला बोल' की तरह चलाकर सीकर को प्रथम स्थान पर बरकरार रखने का भरसक प्रयास करें। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की मॉनिटरिंग को और प्रभावी बनाने तथा अभियान में की गई प्रगति की रिपोर्ट समय पर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर शर्मा ने प्रधानमंत्री निधि योजना में लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश अग्रणी जिला प्रबंधक को दिए। उन्होंने पीएचईडी, एवीएनएल, शिक्षा, चिकित्सा, पीडब्ल्यूडी, कृषि, सहकारिता, नगर परिषद, पशुपालन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को अपने कार्यों में तीव्रता लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से स्वयं उपस्थित हों तथा बिना पूर्व सूचना जिला मुख्यालय नहीं छोड़ें। उन्होंने आबकारी अधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्हें व्यक्तिशः उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# जिला कलेक्टर ने सीकर में योग प्रदर्शनी का शुभारंभ किया

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने मंगलवार को सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, सूचना केंद्र, सीकर में जिला स्तरीय योग प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। गौरतलब है कि यह प्रदर्शनी 20 जून तक कार्यालय समय में आमजन के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। प्रदर्शनी में योग के फायदे, विभिन्न आसनों की जानकारी और आयुर्वेद विभाग की योजनाओं का प्रदर्शन किया गया है। उद्घाटन के दौरान जिला कलेक्टर, एडीएम रतन कुमार ने सामान्य योग अभ्यासक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया।

इस दौरान जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा, "इस प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को योग के आधारभूत तत्वों, व्यायाम प्रक्रियाओं और आसनों की जानकारी दी प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिला स्तर पर भव्य रूप से मनाया जाएगा।" उन्होंने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की।

**आयुर्वेद विभाग की उपलब्धियां गिनाईः-** आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक राजेश ऋषिका ने बताया कि सीकर में 50 बेड का एकीकृत आयुष चिकित्सालय के प्रथम चरण का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि द्वितीय चरण का कार्य प्रगति पर है। जिला आयुर्वेद चिकित्सालय सीकर, रींगस और नृसिंहपुरी में आंचल प्रसूता



जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, सूचना केंद्र, सीकर में जिला स्तरीय योग प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया।

केंद्र संचालित हैं, जहां गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को औषधि व पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

**पंचकर्म और जरावस्था केंद्र की सुविधाएंः-** सीकर, नृसिंहपुरी और रींगस के आयुर्वेद चिकित्सालयों में लकवा, स्लिप डिस्क और अन्य जटिल रोगों का पंचकर्म चिकित्सा से उपचार किया जा रहा है। वहीं तपीपल्या और मउ में दो नए पंचकर्म केंद्रों को स्वीकृति मिल चुकी है।

इसके अलावा, एस.के. आयुर्वेद चिकित्सालय सीकर, तपीपल्या और नृसिंहपुरी में जरावस्था केंद्र 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रदान कर रहे हैं।

**योग प्रशिक्षण और आरोग्य केंद्रः-** उन्होंने बताया कि जिले में 88 आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर पार्ट-टाइम योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो प्रतिदिन आमजन को योगाभ्यास करवा रहे हैं। योग व प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र, सीकर में भी चिकित्सकों द्वारा रोजाना योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

आयुर्वेद विभाग को चार आयुष्मान आरोग्य मंदिर और एक राजकीय आयुर्वेद औषधालय के नए भवनों के लिए 30 लाख रुपये तथा दो ब्लॉक आयुष चिकित्सालयों के लिए 45 लाख रुपये का बजट आवंटित हुआ है। सभी निर्माण कार्य प्रगति पर हैं।

इस अवसर पर जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक पूरणमल वर्मा, एडीपीसी समसा राकेश कुमार लाटा, जिला साक्षरता अधिकारी डॉ. सी.पी. महर्षि, अधीक्षण अभियन्ता वाटरशेड़ रमेश कुमार मीणा, अधीशाषी अभियन्ता नथमल खेदड, डॉ. योगेश मिश्रा, डॉ. रमेश कस्वाँ, डॉ. सुमन भामू, वरिष्ठ कंपाउंडर कैलाश चंद्र खटीक, डॉ. मोहसिन खान, डॉ. राहत खत्री, डॉ. प्रमोद गुर्जर सहित जनसम्पर्क कर्मी, मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सीकर में बारिश से मौसम में ठंडक घुली

**सीकर** (निसं)। प्रदेश के मौसम में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते सीकर में रविवार रात से ही रुक-रुक कर बारिश हुई। सोमवार को सुबह से ही बादल छाए हुए थे दोपहर होते-होते आसमान से राहत की बूंदे बरसाना शुरू हुई जो कई देर तक शहर वासियों को भी राहत देती रही। अच्छी बरसात से नवलगढ़ रोड, लुहारु बस स्टैंड सहित कई इलाकों में जलभराव हो गया। वर्षा के चलते जहां नवलगढ़ रोड क्षेत्र के बाजार बंद हो गये वहीं लुहारू स्टैण्ड क्षेत्र में भी दुकानें तो खुल गई, लेकिन मुख्य सड़क पर पानी भरने से लोग परेशान है। स्थानीय लोगों ने कहा कि शहर में नालों की साफ सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर बह रहा है और इसका खामियाजा आम जनता को, व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। एसके हॉस्पिटल के सामने भी नाले जाम होने से बारिश का पानी सड़क आ गया, अब पूरे क्षेत्र में कीचड़ फैला हुआ है। बरसात के बाद कई इलाकों में पानी भर गया, सड़कों के हाल तो खराब थे ।अभी मानसून की बारिश शुरू भी नहीं हुई की शहर की यह दशा है। तो आप इसी बात से अंदाजा लगा सकते है कि शुरू होने वाले मानसून को लेकर जिला प्रशासन और नगर परिषद की क्या तैयारियां है। शहर का आधा भाग तो पानी भराव की समस्या से ही परेशान रहेगा। क्योंकी नवलगढ़ रोड, लुहारू बस स्टैण्ड, राधाकिशनपुरा और शिव कॉलोनी एरिया पानी भराव की समस्या से लगातार जूझ रहे है।

### जल संरक्षण की शपथ दिलवाई

**सीकर** (निसं)। वंदे गंगाजल संरक्षण जन अभियान 2025 की शुरुआत फतेहपुर कस्बे के बुद्धिगरी मंढी से की गई, अभियान में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेंद्र कृष्ण काला एवं उपनिदेशक डॉ दिनेश नेहरा ने बुद्धिगरी मढ़ी के महंत दिनेश गिरी महाराज के साधिन्य में शुरुआत की गई। अभियान के दौरान मढ़ी परिसर के पास वृक्षारोपण किया गया। वहीं परिसर में साफ-सफाई भी की गई। महंत दिनेश गिरी महाराज ने बताया कि वर्षा ऋतु की शुरुआत हो चुकी है, ऐसे में हमें पृथ्वी का संतुलन बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिए ताकि हमें अधिक गर्मी से राहत भी मिले और शुद्ध हवा भी मिल सके, इसके साथ ही हमें हर तरीके से जल का संरक्षण भी करना चाहिए।

**कार्यालय नगरपरिषद चूरू (राजस्थान)**

क्रमांक : न.प./चूरू/भू. उ. प. शाखा/2025-26/ दिनांक : 05.05.2025

सार्वजनिक विज्ञप्ति (आपत्ति आमन्त्रण-पत्र)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संबंधित आवेदिका द्वारा निम्नांकित विवरण- पत्र में अपने नाम के सम्मुख अंकित कार्य की स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारक को कोई आपति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपतियों पर कोई विचार नही किया जायेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित आवेदिका के पक्ष में कर दिया जायेगा।

**नाम आवेदक/आवेदिका-** श्रीमती भंवर कंवर पुत्री श्री कल्याण सिंह, ग्राम रेढ़ी, भुरावास तहसील तारानगर जिला चूरू, **आवेदित भूमि की अवस्थिति-** भूखण्ड संख्या, बी-39, सैक्टर-iv सैनिक बस्ती, चूरू, **भूखण्ड का क्षेत्रफल-** 231.97 वर्गमीटर, **उत्तर-** भूखण्ड संख्या B-40, **दक्षिण-**भूखण्ड संख्या B-38, **पूर्व-**मुख्य सड़क (भालेरी रोड 200 फीट चोड़ी), **पश्चिम-** भूखण्ड संख्या C-62, **मास्टर/जोनल प्लान में भू-उपयोग-** वाणिज्यक, **अपेक्षित स्वीकृत-** आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन

(अभिलाषा सिंह) आयुक्त नगरपरिषद चूरू